असाइनमेंट विषय :- हिंदी कक्षा :- तीसरी शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर

नाम :- ________________ सेक्शन :- _________ रोल नंबर :- ________दिनांक :- ____/9/2021

पाठ - 7

<u>हैदराबाद की सैर</u>

<u>नए शब्द</u>

1 छुट्टियाँ

2 संग्रहालय

3 आकर्षण

4 राजस्थान

5 दर्शनीय

6 दशहरे

7 तेलुगु

8 चट्टान

<u>शब्द - अर्थ</u>

1	दर्शनीय	देखने योग्य
2	अद्भुत	अनोखा
3	निर्माण	बनाना
4	प्राचीन	पुराना
5	विभाजित	बँटा हुआ
6	आकर्षण	खिंचाव
7	विशेष	खास
8	विभिन्न	तरह - तरह के

<u>मौखिक प्रश्न / उत्तर (पेज न० 54)</u>

(क) यह पत्र किसने, किसको लिखा है ?

उत्तर रोमा ने सजीली को

(ख) रोमा दशहरे की छुट्टियों में कहाँ घूमने गई थी ?

उत्तर हैदराबाद

(ग) हैदराबाद का बिड़ला मंदिर कौन-से पहाड़ पर बना हुआ है ?

उत्तर नौबाथ पहाड़ पर

(घ) बिड़ला मंदिर का निर्माण करने में कितने वर्ष का समय लगा था ?

उत्तर 10 वर्ष का

<u>आपने लिखित प्रश्न / उत्तर हिंदी की नोटबुक में करने हैं |</u>

<u>लिखित प्रश्न / उत्तर(पेज न० 54)</u>

(क) हैदराबाद का बिड़ला मंदिर कहाँ स्थित है?

उत्तर हैदराबाद का बिड़ला मंदिर तारामंडल के पास स्थित है।

(ख) बिड़ला मंदिर को बनवाने के लिए संगमरमर कहाँ से लाया गया था ?

उत्तर बिड़ला मंदिर को बनवाने के लिए संगमरमर विशेष रूप से राजस्थान से लाया गया था।

(ग) हैदराबाद में कौन - कौन से स्थान देखने योग्य हैं?

उत्तर हैदराबाद में चार मीनार , हुसैन सागर झील ,सालारजंग संग्रहालय देखने योग्य स्थान हैं।

(घ) कौन - कौन से शहर जुड़वाँ शहरों के नाम से जाने जाते हैं?

उत्तर हैदराबाद और सिकंदराबाद दो जुड़वाँ शहरों के नाम से जाने जाते हैं।

प्रश्न 2 :- सही उत्तर चुनकर (✓) लगाइए। <u>(पेज न० 55)</u>

(क) जल महल और आमेर का किला कहाँ स्थित है?

जयपुर (✓) हैदराबाद ( ) सिकंदराबाद ( )

(ख) हैदराबाद को किसका शहर भी कहा जाता है?

गुलाबों का ( ) योद्धाओं का ( ) नवाबों का (✓)

(ग) जिब्राल्टर नामक चट्टान पर किसकी प्रतिमा खड़ी है?

महात्मा गाँधी ( ) स्वामी विवेकानंद ( ) गौतम बुद्ध (✓)

प्रश्न 3 पाठ के आधार पर खाली स्थान भरिए।

(क) हैदराबाद का बिड़ला मंदिर <u>सफ़ेद</u> संगमरमर से बना है। (सफ़ेद /लाल)

(ख) चारमीनार की मीनारें बहुत <u>ऊँची</u> हैं। (नीची / ऊँची)

(ग) हैदराबाद का <u>गोलकुंडा</u> किला भी बहुत प्रसिद्ध है। (आमेर /गोलकुंडा)

(घ) बिड़ला मंदिर <u>नौबाथ</u> पहाड़ पर बना हुआ है। (नौबाथ/दोबारा)

भाषा ज्ञान

प्रश्न 1 नीचे लिए विशेषण विशेष्य का सही मिलान कीजिए |

विशेषण **विशेष्य**



प्रश्न 2 रंगीन शब्दों के विलोम शब्दों द्वारा खाली स्थान भरिए | (पेज न० 56)

(क) विशाल ने अपना पुराना फ्रिज देकर <u>नया</u> फ्रिज खरीदा |

(ख) हमें बड़ों का आदर करना चाहिए <u>अनादर</u> नहीं |

(ग) जीवन में सुख और <u>दुख</u> आते - जाते हैं |

(घ) कुछ आम मीठे हैं तो कुछ <u>खट्टे</u> |

प्रश्न 3 वचन बदलिए | (पेज न० 56)

बात -	<u>बातें</u>	ताली -	<u>तालियाँ</u>
रात -	<u>रातें</u>	छुट्टी -	<u>छुट्टियाँ</u>
मीनार -	<u>मीनारें</u>	सखी -	<u>सखियाँ</u>
झील -	<u>झीलें</u>	लड़की-	<u>लड़कियाँ</u>

प्रश्न 4 जोड़े बनाइए | (पेज न० 56)

जो देखने योग्य हो	पर्यटक
जो रोज़ होता है	दर्शनीय
पुराने समय का	संग्रहालय
देश विदेश में घूमने वाला	मंदिर
जहाँ चीजों का संग्रह है होता है	प्रतिदिन
जहाँ पूजा की जाए	प्राचीन

प्रश्न 5 अंकों को शब्दों में लिखिए |

10 - दस	15 - पंद्रह	14 - चौदह
8 - आठ	9 - नौ	16 - सोलह
7 - सात	13 - तेरह	12 - बारह

प्रश्न6 प्रत्येक पंक्ति में उस शब्द पर(✓) लगाइए जो पर्यायवाची नहीं है |

(क)	पहाड़ -	सरिता (✓)	पर्वत ( )	गिरि ( )
(ख)	खूबसूरत -	सुंदर ( )	आकर्षक ( )	कुरूप(✓)
(ग)	माता -	अंबा ( )	मात्र (✓)	जननी ( )
(घ)	अद्भुत -	न्यारा ( )	अनोखा ( )	अमृत (✓)
(ङ)	प्राचीन-	पुराना ( )	अर्वाचीन (✓)	पुरातन ( )